तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024

12 सेवा कार्य में 98 स्काउट्स और गाइड्स ने लिया हिस्सा



11 पिता से प्रेरणा लेकर पूर्व सरपंच ने तालाब ....





## खबर संक्षेप

### गाली गलौज से मना करने पर तीन ने एक को पीटा, जुर्म दर्ज

**बालोद।** मेला मड़ई में गालीगलौज कर रहे व्यक्ति को गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति से तीन लोगों ने मारपीट कर दी। ग्राम रजोली निवासी जितेन्द्र कुमार बघेल ने बताया कि 24 दिसंबर को ग्राम रजोली में मेला मड़ई लगा था। मड़ई में वह परिवार के साथ घूमने गया था। तभी मेला मंडाई के दौरान ग्राम अरमरीकला निवासी धनंजय साहू गालीगलौज कर रहा था। जिसे मना करने पर धनंजय साहू एवं उसके दो अन्य साथी तीनों एक राय होकर मारपीट किए है, वही हाथ में पहने चूड़े से भी सिर में वार किया गया है। जिस मामले में रनचिराई थाने में 26 दिसम्बर को धनंजय साहू एवं एक अन्य व्यक्ति पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कसही में दो दिवसीय कबीर सत्संग आज से

**डौंडीलोहारा।** आदर्श ग्राम कसही लोहारा में 28 व 29 दिसंबर को दो दिवसीय भव्य कबीर सत्संग व



भजन महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक द्वय कृपाराम साहू और महावीर कलिहारी ने बताया कि ग्राम कसही में कबीर पारख महिला मंडल द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दूर दूर से सत्संग का लाभ लेने श्रद्धालुओं का जनसैलाब कसही में उमड़ता है। इस वर्ष रणजीत साहेब शास्त्री मुख्य वक्ता रहेंगे, वे जमुई बिहार से पधारेंगे। अब तक ग्राम कसही लोहारा में असंग साहेब, धर्म स्वरूप साहेब, गौरव साहेब, मुक्तिशरण साहेब, सुशीला साहेब, ज्योति साहेब, ज्ञान साहेब के सत्संग आयोजित हो चुके हैं। सत्संग व संत दर्शन हेतु भक्त जन दूर-दूर से कसही पहुंच चुके हैं।

### जय हरदेव लाल बाबा कबड्डी स्पर्धा होगी आज

**बालोद।** ग्राम घीना में 28 दिसंबर को जय हरदेव लाल बाबा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4001 रुपये, द्वितीय पुरुस्कार 3001 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 2001 रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार 1001 रुपये रखा गया है। उक्त जानकारी निखिल तारम ने दी।

### आज ग्राम अछोटी में मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती

**अंडा।** ग्राम अछोटी में 28 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ,अध्यक्षता क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, विशेष अतिथि बिरेंद्र दिल्लीवार,पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कुथरेल शिवनारायण दिल्लीवार,गांव के सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, उप सरपंच युवराज निर्मलकर, पंच लखन टंडन, राजू टंडन होंगे। सतनामी समाज से एनेश कुमार सूर्यवंशी, ब्यास नारायण मारकाण्डे,राजकुमार टंडन, संतोष ,महेंद्र एवं समस्त सतनामी समाज अछोटी उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण का समय अपरान्ह 4 बजे रहेगा। पंथी का कार्यक्रम में ग्राम सुखरी वालों की प्रस्तुति होगी।

### मड़ई मेला आज कल होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**अंडा।** ग्राम ओडारसकरी में मड़ई मेला 28 दिसंबर को रखा गया है। इस अवसर पर एवं रात्रिकालिन नाच पार्टी रखल्लारी (डौंडी लोहारा) पूजा के फूल नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया हैं ।29 दिसंबर को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता होगी। महेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिन्हा बरसाती यादव,लोमेश ठाकुर ,भीषम धनकर ,जीतेन्द्र ठाकुर ने कहा कि इस मड़ई मेला और कबड्डी प्रतियोगिता के आनंद लेने अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे।

# नए साल में जिले को मिलेगी तीन थानों मंगलतराई, करहीभदर व लाटाबोड़ की सौगात


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अपराधों की रोकथाम व लोगों के सुरक्षा बढ़ेगी

जिले को नए साल में तीन नये थानों की सौगात मिलने वाली है। नए थानों के माध्यम से सुरक्षा व कानूनी मदद मे सहूलियत मिलने वाली है। जिससे जिले मे बढ़ते अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने मे मदद मिलेगी। जिले मे जहां अब तक पांच ब्लाकों में 15 थाने थे। तीन नए थाने खुलने के बाद यह संख्या 18 हो जाएगी। तीन नए थानों में डौण्डी ब्लाक अंतर्गत मंगलतराई, बालोद ब्लाक अंतर्गत करहीभदर व लाटाबोड़ शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 मुख्य बजट अंतर्गत नवीन पुलिस थानों की स्वीकृति के लिए आदेश जारी हो चुका है। जिले में नवीन व प्रस्तावित पुलिस थाना की खोलने की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि मूल थाना तथा सीमावर्ती थाने से कितनी दूरी, विगत 3 वर्षों में मूल थाना में अपराधों की संख्या में वृद्धि, मूल थाना में पृथक कर जिन क्षेत्रों से नवीन पुलिस थाना प्रस्तावित है। उन क्षेत्रों में विगत 3 सालों में घटित अपराधों की संख्या एवं प्रतिशत को देखते हुए नए थाने खोले जा रहे हैं।

### थानों की संख्या जिले में हो जाएगी 18





### वर्तमान में इन जगहों पर हैं थाने

जिले मे ब्लाक अनुसार थाने की बात करे तो बालोद ब्लाक में बालोद, अजाक, डौण्डी ब्लाक में दल्लीराजहरा, डौण्डी, महामाया, गुरूर ब्लाक में गुरूर, सनौद, पुरूर, डौण्डीलोहारा ब्लाक में डौण्डीलोहारा, सुरेगांव, मंगचुवा, देवरी, गुण्डरदेही में अर्जुन्दा, गुण्डरदेही, रनचिरई वर्तमान में संचालित हैं।

## नाराजगी : ग्राम पिछेटोला में घरों में पानी पहुंचाने का मामला

# जिला प्रभारी की भ्रामक जानकारी पर निरीक्षण में पहुंचे सीईओ क्रेडा ने दी निलंबन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा ने बालोद जिले के जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, पीएम श्री स्कूल एवं बायोगैस योजनांतर्गत स्थापित सौर संयंत्रों का आज औचक निरीक्षण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं इसमें जीरो टॉलरेंस नीति को फलीभूत करने का कार्य क्रेडा सीईओ राजेश सिंह द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। टॉलरेंस नीति के अंतर्गत संयंत्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राणा द्वारा स्वयं ही ताबड़तोड दौरे कर निरीक्षण किया जा रहा है।

सीईओ श्री राणा द्वारा बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना, सौर सुजला योजना एवं वॉटर प्यूरीफिकेशन के अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। सीईओ.क्रेडा द्वारा डोण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिहरो में वर्ष 2016 में स्थापित सोलर वॉटर प्यूरीफिकेशन संयंत्र का निरीक्षण किया गया। जिसमे क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर वॉटर पम्प कार्यशील पाया गया। वहाँ उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा संयंत्र के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो रही है। इस संयंत्र से ग्रामवासी उत्साहित नजर आए।

सीईओ क्रेडा द्वारा डोण्डी विकासखण्ड के ग्राम पिछेटोला में क्रेडा की पंजीकृत इकाई मेसर्स सोलर सॉल्यूशन द्वारा जल जीवन मिशन फेस–02 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया। जिसमे क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर पम्प कार्यशील पाया गया। इस संयंत्र की कार्यशीलता एवं पाइप लाइन से था। घरों तक पानी पहुंचाने संबंधी जानकारी ली गई तो वहीं कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं होने तथा क्रेडा जिला प्रभारी द्वारा भ्रामक जानकारी दिए जाने पर बिफर उठे। क्रेडा सीईओ श्री राणा ने जिला प्रभारी के ऊपर नाराजगी व्यक्त करते हुए निलंबित करने की चेतावनी दी।

इसी क्रम में राणा द्वारा डोण्डी विकासखण्ड के ग्राम अम्बाबेहरा, ग्राम पस्तेचिनवा में सौर सुजला योजनांतर्गत क्रेडा के पंजीकृत इकाई स्थापित संयंत्र के हितग्राही नारायण, राम प्रसाद, मनीराम, फूल बाई गोटा के यहाँ स्थापित 03 एच. पी. सबमरसिबल पम्प कुल 04 नग का निरीक्षण किया गया, जिसमे संयंत्र कार्यशील पाया गया। श्री राणा द्वारा निरीक्षण उपरांत वहाँ उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि क्रेडा के विभिन्न परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य जैसे जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, सोलर हाई मॉस्ट संयंत्र सोलर पॉवर प्लांट एवं अन्य संयंत्रों के स्थापना के दौरान सतत स्थल निरीक्षण करते हुये निविदा के मापदण्डानुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए कार्य समय पर पूर्ण कराएं।



### हितग्राही के मोबाइल में सीईओ ने किया एप इंस्टाल

सीईओ क्रेडा द्वारा डोण्डी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया में सौर सुजला योजनांतर्गत स्थापित सौर संयंत्र के हितग्राही शिव दयाल पटेल के यहां स्थापित 03 एच.पी. सबमरसिबल पम्प का निरीक्षण किया गया। जिसमे संयंत्र कार्यशील पाया गया। इस पर क्रेडा सीईओ द्वारा हितग्राही सौर समाधान एप की जानकारी दी गई। उनके मोबाइल पर श्री राणा द्वारा स्वयं सौर समाधान एप इस्टाल किया गया। उक्त एप्प के माध्यम से क्रेडा द्वारा स्थापित संयंत्र से संबंधित शिकायत दर्ज करने का प्रशिक्षण दिया गया।

# नपं में पिछड़ा वर्ग की सीट निरंक, विरोध में रैली 30 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

■ आरक्षण नियमों की अवलेहना

नगरीय निकाय चुनाव के वार्ड आरक्षण में नगर पंचायत डौंडी के आरक्षण में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को एक भी सीट नहीं मिलने के विरोध में 30 दिसंबर को 11 बजे से डौंडी में विकास खंड स्तरीय विशाल रैली एवं सभा का आयोजन किया जाएगा।

समाज के पदाधिकारी जीवनलाल धनकर ने बताया कि पिछले दिनों नगर पंचायत डौंडी के वार्डों का आरक्षण जिला मुख्यालय बालोद के कलेक्टोरेड में किया गया, जिसमें डौंडी के अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के लिए पार्षद के एक भी पद नहीं है, जबकि पिछड़ा वर्ग समाज को आरक्षण देने की मंशा को सरकार द्वारा समाज की जनगणना करायी गयी और वर्तमान सरकार के घोषणा के अनुसार पिछड़ा वर्ग समाज को नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में 50% आरक्षण का घोषणा की गई है पर वर्तमान में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में आरक्षण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अधिकारियों द्वारा हमारे समाज के साथ छलावा किया गया है, जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को अपूर्णीय क्षति हो रही है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत डौंडी में 46% अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के लोग निवासरत हैं।

उन्हें प्रतिनिधितव से वंचित किया गया है, जो कि पिछड़ा वर्ग समाज के साथ घोर अन्याय है। ऐसी पुनरावृति ग्राम पंचायत चुनाव में पंच पदों के आरक्षण में ना हो इसीलिए हमारे समाज द्वारा 30 दिसंबर को 11 बजे से डौंडी नगर में विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में निलेश जायसवाल,अश्वनी जायसवाल, पदुम सोनी, श्यामलाल सोनार, तेजराम साहू , कुमारी बाई साहू

▶▶| शेष पेज 11 पर

### हरणसिघि निवासी हितग्राही ने तीसरी किस्त नहीं आने की दी जानकारी

# प्रधानमंत्री आवास की किस्त नहीं मिलने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हरणसिघि निवासी नागेश्वरी चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना 2023–24 की तीसरा किस्त प्राप्त न होने की शिकायत करते हुए कलेक्टर को आज ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में नागेश्वरी चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना 2023–24 के अंतर्गत उसके नाम से आवास प्राप्त है। जिसकी प्रथम एवं द्वितीय किस्त प्राप्त हो चुकी है। उसने मकान की ढलाई मार्च माह में पूर्ण कर लिया है लेकिन अभी तक उसे तीसरा किस्त प्राप्त नहीं हुई है। उसने दूसरों से ऋण लेकर अपने मकान की ढलाई कराई है। उसे ऋण वाले बहुत परेशान कर रहे है। उसे तीसरा किस्त प्राप्त नही होने के कारण बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उसने तीसरा किस्त अतिशीघ्र दिलवाई जाए।



पीएम आवास की भी उठी मांग



### पेंडरवानी में विकलांग ने मांग पीएम आवास

**बालोद।** ग्राम पेण्डरवानी निवासी भेष कुमार साहू ने प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भेष कुमार साहू ने कहा है कि उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब एवं शारीरिक रूप से विकलांग होने के कारण गृह निर्माण मे असमर्थ है। उसके द्वारा यह आवेदन शासन प्रशासन में पंचायत एवं अन्य माध्यम से पूर्व में किया जा चुका है, परंतु किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल पाई। घर की स्थिति इतनी नाजुक है कि दिनचर्या मे सोने की जगह पर्याप्त नहीं है। मेरे घर में 11 सदस्य रहते हैं। वर्तमान मे मेरे घर की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है जो किसी दुर्घटना का कारण हो सकती है। घर की स्थिति को जानकारी मे लेकर मुझे आवास प्रदान किया जाए।

### चलती स्कूटी में आग, धू- धूकर जली...

**बालोद।** ग्राम बघमरा के पास गुरुवार को चलती स्कूटी में आग लग गई। इसके बाद पूरा वाहन धू–धूकर जल गया। इस हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। स्कूटी पेट्रोल चलित बताई जा रही है। लेकिन इस संबंध में थाने में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई है।



## बालोद टेक्नोफेस्ट में कलेक्टर चंद्रवाल ने किया सम्मानित

# श्रेया ने बनाया स्मार्ट ग्लब फॉर पैरालाइज्ड पेशेंट का मॉडल, पाया उत्कृष्ट स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, नवाचार लाने तथा विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से बालोद टेक्नोफेस्ट का दो दिवसीय महेश्वरी भवन बालोद में आयोजन में सेजस कुसुमकसा की छात्रा श्रेया पांडे ने 'स्मार्ट ग्लब फॉर पैरालाइज्ड पेशेंट' प्रादर्श प्रस्तुत कर जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने छात्रा को सम्मानित किया और रात्रि भोज का अवसर देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से उन्नति और विकास को गति दी है। बालोद टेक्नोफेस्ट एक प्लेटफार्म है जिसमें सभी छात्र अन्वेषण कर सकें। छात्र खुद पर भरोसा रखें और सपनों को जागकर पूरा करने का कोशिश करें। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मर्कले ने कहा कि टेक्नोफेस्ट छात्र के व्यावहारिक रूप से वैज्ञानिक सिद्धांतों की अपनी समझ को व्यक्त करने के लिए एक अवसर प्रदान करता है ।तकनीकी के क्षेत्र में नए उपायों को तलाशने में इन छात्रों की भूमिका सराहनी है।




### उंगलियों की हरकतों को समझ कर कमांड में बदल देता है ग्लब

मार्गदर्शक शिक्षक टीएस पारकर व्याख्याता (भौतिक शास्त्र) ने बताया कि स्मार्ट ग्लब एक पहनने योग्य डिवाइस है, जिसे हाथों में पहना जा सकता है। यह लकवा ग्रस्त मरीज या दिव्यांग जो बोल ना सके के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्मार्ट ग्लब रोगी के हाथ और उंगलियों की हरकतों को समझ कर कमांड में बदल देता है। स्मार्ट ग्लब रोगियों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। क्योंकि यह रोगियों को अधिक स्वतंत्रता दे सकता है। उनके दैनिक कार्यों में मदद कर सकता है, जो असंभव होता है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेएस भारद्वाज, प्राचार्य सुनीता यादव, बीआरसीसी सच्चिदानंद शर्मा, संजय बेस जनपद सदस्य कुसुमकसा, डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, डॉ नसीम खान, अनिल सुथार, मनीष जेठवानी,नितिन जैन, राजेंद्र कुमार आवड़े, लक्ष्मण गुरुंग तथा समस्त व्याख्याता गण ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व पीएम का निधन, जिले में राजकीय शोक

**बालोद।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर राज्य में सात दिवस का राजकीय शोक घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार राज्य में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक राजकीय शोक की अवधि में स्थित समस्त शासकीय भवनों एवं अन्य स्थानों जहां पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं उन स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा राजकीय शोक की अवधि में राज्य में शासकीय स्तर पर कोई मनोरंजन एवं सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित नहीं किया जाएगा।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### बैरनबाजार में लाइब्रेरी और हमर अस्पताल का लोकार्पण

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के बैरनबाजार क्षेत्र में गुरुवार को सर्वसुविधा युक्त 100 सीटर क्षमता वाली लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, महापौर एजाज ढेबर और वार्ड पार्षद तथा निगम सभापति प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।
सभापति प्रमोद दुबे ने बताया कि बैरनबाजार क्षेत्र एजूकेशन हब के रूप में विकसित हो चुका है। यहां छात्र-छात्राओं के लिए सुविधा युक्त लाइब्रेरी की जरूरत महसूस की जा रही थी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर और डिजिटल एजूकेशन के लिए पर्याप्त सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 सीटर लाइब्रेरी तैयार की गई है। इसी प्रकार वार्ड वासियों को निःशुल्क दवाई का वितरण आसानी से हो, इसके लिए नवनिर्मित हमर अस्पताल का लोकार्पण हुआ है। लोकार्पण अवसर पर प्रोफेसर जाकिर अली, हेमलता चंद्राकर, नसीम खान, अमित नायडू, अज्जू कुरैशी, इम्तियाज हैदर, बाकर अब्बास, आसिफ खान, जीतू भारती, संजय चंद्राकर, हसन खान, रियाज अहमद,राजू यादव, विनोद कुमार लाल गवली, श्रेयांस दासानी, फहीन खान सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### यूथ कांग्रेस पुलिस भर्ती परीक्षा पर दर्ज कराएगी विरोध

**रायपुर।** प्रदेश में आयोजित हो रही पुलिस भर्ती परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ी को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा आज विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों के बाद भर्ती परीक्षा को रद्द करना पड़ा। इसके विरोध में युवा कांग्रेस प्रदेशभर में जिले के एसपी को ज्ञापन सौंप जा रही है। राजधानी में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में एसपी ऑफिस में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जिले में अब तक 4 लाख 2 हजार 893 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** रायपुर जिले में गुरुवार को 3751 किसानों से 13 हजार 249 टन धान की खरीदी की गई। इसके एवज में किसानों को 30 करोड़ 48 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। जिले में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हो चुकी है। इसके तहत 139 उपार्जन केंद्रों में समितियों द्वारा किसानों से धान खरीदा जा रहा है। अब तक 4 लाख 2 हजार 893 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। इस तरह 926 करोड़ 99 लाख रुपए कीमत का धान खरीदा गया है। धान की खरीदी 31 जनवरी 2025 तक होगी।

### पैतृक व्यवसाय में लगे सेन समाज के 44 लोगों को बांटे गीजर



**रायपुर।** छग जनहितकारी कल्याण समिति की ओर से कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के मुख्य अतिथ्य में भनपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने पैतृक व्यवसाय में लगे सेन समाज के 44 व्यवसायियों को गीजर बांटे गए। समिति की ओर से सांई मंदिर परिसर कबीर कुटी में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से पंकज शर्मा ने गीजर प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प होना चाहिए। हमारी कांग्रेस पार्टी गरीब, पिछड़े, दलित, प्रताड़ित, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार जैसे वर्ग को ऊपर उठाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में कौशल वर्मा, घनश्याम पाठक, सुभाष साहू, राजू पांडे, मनोज वर्मा, केशव सिन्हा, जागेश्वर साहू, सतीश सेन सहित सेन समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सोनिया गांधी के साथ 2013 में रायपुर आए थे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

- परिवर्तन यात्रा में नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा सहित कांग्रेसी नेताओं पर हुआ था नक्सली हमला
- नक्सली हमले के बाद रातभर जागे, सोनिया भी रहीं सदमे में
- जब नंदकुमार पटेल की हत्या हुई, उस वक्त सोनिया गांधी के साथ रात्रि में आए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दरभा घाटी में जब साल 2013 में सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ, उस समय प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष



नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर के नाम से चर्चित सांसद महेंद्र कर्मा, पूर्व विधायक उदय मुदलियार, गोपी माधवानी सहित 38 लोगों की मौत हो गई थी। तब शनिवार की देर रात तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ रायपुर पहुंचे थे। रातभर वे यहां रुके। इस दौरान सोनिया गांधी सदमे में रहीं। 25 मई 2013 की घटना आज भी याद है। ये कहना है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी का। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर जंगल में हुए नक्सली हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रायपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से हालात की ताजा जानकारी ली और नक्सलियों के कायराना हमले की निंदा भी की थी।

### राहुल भी देर रात पहुंचे थे रायपुर

तत्कालीन कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी भी देर रात रायपुर पहुंचे थे। दरभा घाटी में नक्सली हमले की घटना को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ बैठक के बाद सोनिया गांधी ने कहा, जो आम लोग राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े थे, नक्सलियों ने उन्हें भी बेरहमी से मार डाला। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने घटना की तीखी आलोचना की थी। हमले के वक्त पूर्व सीएम स्व. अजीत जोगी सौभाग्यशाली रहे, जो परिवर्तन रैली के बाद सड़क से जा रहे काफिले में शामिल न होकर वे हेलीकाप्टर से रायपुर लौट आए।

## भूपेश-महंत-सिंहदेव समेत कांग्रेसियों ने जताया शोक





पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है। उन्होंने स्व. सिंह के प्रति आदरांजलि प्रकट करते हुए कहा, महान राष्ट्रकर्मी विदा हुए, देश आपका आभारी रहेगा सर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायकों, सांसदों समेत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

**आयोजन:** कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अफसरों को दी निर्देश

# बोर्ड परीक्षाओं में पिछले सत्र की तुलना में और बेहतर परिणाम लाने के लिए बनाएं कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- कमजोर परीक्षा परिणाम वाले शालाओं को करें चिंहाकित

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

बैठक में चन्द्रवाल ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं को पिछले शिक्षा सत्र की तुलना में और अधिक बेहतर बनाने हेतु विकासखण्डवार निर्धारित किए गए कार्य योजना के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से अपने-अपने विकासखण्डों में पिछले शिक्षा सत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से पिछले शिक्षा सत्र की तुलना में मौजूदा शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। अधिकारियों को कमजोर परीक्षा परिणाम वाले शालाओं को चिंहाकित कर इन शालाओं के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री चंद्रवाल अधिकारियों से त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम के संबंध में भी जानकारी ली। जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को बेहतर बनाने हेतु जनवरी में आयोजित की जाने वाली प्री बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्री बोर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु स्कूलों में शिक्षकों और पालकों के व्हाट्सएप्प ग्रुप के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। सभी शालाओं में कैरियर कांउसलिंग आयोजित करने तथा शिक्षकों की कमी वाले शालाओं में स्वेच्छा से सेवा देने के इच्छुक सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा पढ़े-लिखे नवयुवकों की भी अध्यापन कार्य के लिए सेवा लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूलों में अध्यापन हेतु स्वेच्छा से सेवा देने के इच्छुक व्यक्तियों को प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

### छात्रवृत्ति के संबंध में ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की प्रगति के अलावा विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की अद्यतन की जानकारी, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के संचालन की सुचारू व्यवस्था, स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था, पेंशन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, शिक्षा के अधिकारी अधिनियम का समुचित क्रियान्वयन, विभिन्न निर्माण कार्यों के अद्यतन जानकारी, आंकलन शिविर के आयोजन की तैयारी तथा उल्लास कार्यक्रम के अद्यतन स्थिति आदि की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों ने पिछले शिक्षा सत्र में अपने-अपने विकासखण्डों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम तथा वर्तमान शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणाम के लिए निर्धारित लक्ष्य तथा उसे हासिल करने हेतु बनाए गए रणनीति के संबंध में जानकारी दी।

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सरोज का किया गया सम्मान





**दल्लीराजहरा।** नगर सहित क्षेत्र में समाजसेवा और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित करने पर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ में सरोज नागवंशी का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर भारत गौरव अवार्ड 2024 से सम्मानित होना न केवल छत्तीसगढ़ की टीम बल्कि पूरे राज्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा है। एडवोकेट पायल पोपटानी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में टीम ने यह मुकाम हासिल किया। टीम के सभी सदस्यों को जैसे मौसमी सिन्हा, शकुन क्षत्रीय, कुलवंत सिंह, संतोष कुमार पांडे, और सरोज नागवंशी को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान और मानवाधिकार संरक्षण में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए दिया गया। सम्मान समारोह का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ में किया गया। समारोह एम.आर. अंसारी की अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया।

- गोमती नगर लखनऊ में हुआ कार्यक्रम

## पूर्व पीएम मनमोहन को अफसर-कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि...





**बालोद।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों ने शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### प्रकृति परीक्षण अभियान का पहला चरण पूरा

**रायपुर ।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाए जा रहे आयुर्वेदीय देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन बुधवार को जशपुर के कुनकुरी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उनके प्रकृति परीक्षण उपरांत प्राप्त प्रकृति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अभियान के तहत मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से देश के एक करोड़ नागरिकों के आयुर्वेद सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) का विश्लेषण करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके तहत 1 करोड़ 30 लाख नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया।

# गांव-गांव में सड़कों की सुविधा पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



- जयंती पर नगर पालिका दल्ली में अटल सुशासन समारोह का आयोजन

भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा अटल सुशासन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका के सभागार कक्ष में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उद्बोधन सुना गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने कहा कि आज अटल बिहारी वाजपेई का 100 वीं जयंती है। पूरा देश उनको नमन कर रहा है छत्तीसगढ़ के निर्माता हैं। प्रदेश का निर्माण कर उन्होंने छत्तीसगढ़ को एक नया आयाम देने का अवसर दिया। आज छत्तीसगढ़ के विकास के बारे में जैसा सोचा था वैसा ही छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा है। अटल बिहारी वाजपेई नेता प्रतिपक्ष हुआ करते थे राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रवाद को आगे रखने के लिए सत्ता पक्ष के लिए भी विदेश में बात रखते थे। उस समय भी चर्चा होती थी कि ऐसे व्यक्ति का भारतीय राजनीति में होना बहुत जरूरी है।

अटल बिहारी वाजपेई अंतिम व्यक्ति को लेकर चलने वाले शख्स थे। एक कवि साहित्यकार और एक अच्छे व्यक्ति थे। उन्होंने देश को नई ऊर्जा दी उनका जीवन आदर्शो से भरा हुआ है। उनके मन में केवल जनसेवा और राष्ट्रप्रेम रहा है । समाज में काम करने वाले अंतिम व्यक्ति का कभी सम्मान नहीं होता था किंतु आज सफाई मित्रों का सम्मान किया जाने लगा है।

आदमी से आदमी का मतभेद दूर करने का काम किया है तो हमारी विचारधारा ने किया है अटल जी की विचारधारा ने किया है। आज गांव गांव में जो पहुंच मार्ग दिख रहे हैं वह अटल जी की देन है। अटल सुशासन समारोह को मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, एवं सौरभ लुणिया ने भी संबोधित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने बृजमोहन की एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी से चर्चा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हवाई सेवाओं के विस्तार और स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को यात्रियों के लिए बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की। बैठक में रायपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ से विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों के सही आंकड़े जुटाने के लिए इमीग्रेशन ऑफिस से डेटा संग्रहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट पर जल्द से जल्द इमिग्रेशन, कस्टम और कार्गो ऑफिस शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रारंभ की जा सकें। श्री अग्रवाल ने रायपुर से अंबिकापुर के लिए संचालित उड़ानों को पटना, प्रयागराज, बनारस, और रांची तक जोड़ने की संभावनाओं की तलाश करने के निर्देश दिए। साथ ही रायपुर से जयपुर, पुणे, पटना, रांची, और चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की कार्य योजना बनाने की बात कही।

**भाजपा अनुशासित पार्टी, सर्वानुमति से हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव**

# अरुण साव ने कहा- नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण प्रकिया अंतिम चरण पर, चुनाव कार्यक्रम जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंत्रिमंडल विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव का एक चरण बचा है, जल्द ही महापौर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण होगा। निकायों में पार्षदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया हो चुकी है। पंचायत चुनाव के आरक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। फिलहाल चुनाव की प्रकिया चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपनी प्रकिया प्रारंभ कर दी है। सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की प्रकिया हो, इसके लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है। जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित होंगे, ऐसी उम्मीद है।

मंत्रिमंडल के विस्तार के सवाल पर उन्होंने कहा, इस निर्णय का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री के पास है। केंद्रीय नेतृत्व से बात कर मुख्यमंत्री इस पर निर्णय लेंगे। समय पर इस बारे में आपको बता दिया जाएगा। संगठन चुनाव पर उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है। पार्टी के सभी मंडल में चुनाव की प्रकिया प्रारंभ हुई है। इस दौरान एक दो स्थानों पर छोटी छोटी बातें सामने आई हैं। संगठन ने उसे गंभीरता से लिया है। अधिकतर स्थानों पर सर्वानुमति से मंडल अध्यक्षों के चुनाव हुए हैं।

### यादों को चिरस्थाई रखने अटल परिसर

उन्होंने कहा, कल हमने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता और हमारे प्रेरणास्रोत अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई है। उन्होंने कहा, अटल के कारण आज प्रदेश तरक्की के पथ पर अग्रसर है, तेज गति से विकास कर रहा है। छत्तीसगढ़ ने आज जो तरक्की की है, वह अटल के कारण संभव हो पाया है। उनकी यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए, उनके सम्मान में प्रदेश में अटल परिसर के निर्माण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, कल 163 स्थानों पर अटल परिसर के लिए भूमिपूजन किया है।

# किरण देव बोले- कश्मीर को पाक, अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताना कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में भारत के मानचित्र में कश्मीर को पाकिस्तान और अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य बताया है।

श्री देव ने कहा, संविधान, लोकतंत्र और भारत के मानचित्र का बार-बार मखौल उड़ाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता का प्रमाण है और यही कांग्रेस का स्थायी राजनीतिक चरित्र बन चुका है। श्री देव ने कहा, संविधान का सरेआम मखौल उड़ाने और लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस अब भारत के मानचित्र को विकृत रूप में अपने मंच पर लगाकर भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को भी सीधे-सीधे चुनौती देने लग गई है। कांग्रेस की यह करतूत अक्षम्य है और कांग्रेस के खिलाफ अब संवैधानिक प्रावधानों के तहत भारत के मानचित्र से इस तरह की छेड़छाड़ को लेकर कड़े कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। श्री देव ने कहा, कांग्रेस का यह अक्षम्य अपराध पहली बार या फिर भूल से हुआ हो, ऐसा नहीं माना जा सकता। यह कांग्रेस की एक सोची-समझी करतूत है और वह विदेशी ताकतों के हाथों खेलकर अपने टूलकिट एजेंडे पर अमल कर रही है। इससे पहले भी छत्तीसगढ़ के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यह कृत्य किया था। भाजपा द्वारा तब इस विषय का खुलासा करने, मुकदमा आदि दर्ज कराने के बाद कांग्रेस ने माफी मांगी थी।

**खबर संक्षेप**



## खपरी में मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत

**बालोद।** ग्राम खपरी निवासी गोपाल प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री आवास मे मजदूरी का पैसा नही मिलने की शिकायत करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में गोपाल प्रसाद यादव ने कहा कि ग्राम खपरी ग्राम पंचायत भेण्डरा में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत वर्ष 2020–21 जो पूर्ण हो चुका, जिसकी मजदूरी 90 दिन का पैसा आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। पंच, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायिका को कई बार अवगत करा चुके हैं। जांच करवाकर मजदूरी का पैसा दिलवाया जाए, जिससे आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़ा।

## सड़क घेरकर लगाए थे एंगल, निगम ने हटाए

**रायपुर।** जोन 4 नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने बैजनाथपारा मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा बिना अनुमति लगाए गए 25 एंगल हटा दिए। सड़क यातायात बाधित कर रहे एंगल अभियान चलाकर हटाने टीम ने तत्परता दिखाई। इसी तरह जोन 3 अमले ने शहीद भगत सिंह चौक से बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर तक बिना अनुमति व्यवसाय कर रहे 50 ठेले व खोमचे हटाकर सुगम आवागमन की राह आसान की।

## डॉयल 108 में भर्ती विज्ञापन, सर्विस प्रोवाइडर ने की थाने में शिकायत

**रायपुर।** डॉयल 108 संचालित करने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस ने एक कंसल्टेंसी द्वारा भर्ती विज्ञापन को लेकर तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉयल 108 की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने विज्ञापन को फर्जी बताते हुए लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस ने फाइन दक्ष कंसल्टेंसी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉयल 108 की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि संबंधित कंसलटेंसी कंपनी ईएमटी और पायलट की जिलेवार फर्जी भर्ती निकालकर युवाओं को जॉब के नाम पर लूटने की कोशिश कर रही है। डॉयल 108 की सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने पुलिस को बताया है कि उनकी संस्था द्वारा उक्त कंसल्टेंसी से मैनपावर प्रदान करने के लिए किसी भी प्रकार का कोई भी करार नहीं किया गया है। डॉयल 108 सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने कंसल्टेंसी पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है।

### अच्छी खबर : इस परोपकारी पहल से गांव में दिया भाईचारा का संदेश

# पिता से प्रेरणा लेकर पूर्व सरपंच ने तालाब किनारे स्थापित करायी 40 कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहरों की तरह संवरने सजने और समझने लगा है मेरा ग्राम पंचायत धमना, यह कहते हुए युवा सचिव नरेश महतो ने बताया कि पूर्व सरपंच अंकालुराम को उनके पिता ने सार्वजनिक बैठक कुर्सी निर्माण की प्रेरणा दी और तालाब किनारे जलांजलि घाट ग्राम धमना में वयोवृद्ध समाजसेवी कार्तिक राम साहू के तीनों पुत्र उदय प्रसाद, मोहनलाल एवं अंकालू राम साहू ने 40 लोगों के बैठने कुर्सी का निर्माण तालाब किनारे कराए, जिसका लोकार्पण समारोह सादगी में कार्तिक राम साहू के हाथों हुआ। इससे विशेष अवसरों पर गणमान्य नागरिकों को बैठने की सुविधा मिल सकेगी।

इस अवसर पर अंकालू राम साहू का परिवार सहित ग्राम सहित आस पास ग्रामों के नागरिक, शिक्षक केके साहू, लेखराज साहू, ढाल सिंह साहू, भुवन, भागीरथी सोमानलाल, पुहुप, भैयाराम, कुमार सिंह, टिकेश्वर, भुवन लाल, सतीश सोनी, कीर्तन,



मुकुंद, खोल्हिन, कांति, भावना, कुसुम, यशोदा, मालती, शांति, दिव्या, शबाना, काजल, रागनी उपस्थित थीं।

### समझ से संवरता है समाज

युवा समाजसेवी ढालसिंह साहू ने कहा कि समाज को संस्कारवान बनाने कार्तिक राम साहू की तरह समाज को आगे आना चाहिए, तब गांव घर परिवार समाज सब संवरने लगेगा। उन्होंने कहा कि लेने की खुशी




क्षणिक होती है, जबकि देने की खुशी दिल तक पहुंचकर लंबे समय तक सुकून देती है।

### संस्कार की आज ज्यादा जरूरत है

लोकार्पण समारोह में उपस्थित धमना स्कूल सेवानिवृत हेडमास्टर केके साहू के कहा कि समाज में ऐसे परोपकारी पहल से परोपकार भाईचारा संस्कार मजबूत होता है। और गांव सजने संवरने लगता है। बैठक कुर्सी एरिया में पौधारोपण कार्य पहले से होने लेकर दृश्य बड़ा मनोरम बन गया है। ग्रामीणों के फ्री टाइम में एक साथ एक जगह बैठने से भाईचारा बढ़ेगा। इस लोक का परोपकार परलोक का प्रबंध है युवा सामाजिक कार्यकर्ता धनसिंह साहू ने कहा कि कि इस तरह कार्य लोगों को करना चाहिए, दूसरों के हित में इस लोक में किए गए कार्य ही स्वयं के लिए परलोक का प्रबंध है। जलांजलि घाट में बैठक की सुव्यवस्था दुख सुख कार्यक्रमों के अवसर पर ग्राम के लोग अन्य ग्राम के लोग आते हैं जिनके लिए बैठक व्यवस्था की गई है।

# भरता में हुई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम भरदा कोनारी में न्यू शिवाजी क्रीड़ा मंडल के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 30 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने अपने खेलों का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को ट्रॉफी के साथ पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरुस्कार चिंगराज पारा बिलासपुर द्वितीय, उत्साही क्रीड़ा मंडल भिलाई तृतीय,जय मां दन्तेश्वरी क्रीड़ा मंडल खैरागढ़, चतुर्थ अर्जुन दल भिलाई ने प्राप्त किया ट्रॉफी और नगद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ललित चंद्राकर ने कहा यह प्रतियोगिता हमारे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। कबड्डी एक ऐसा खेल है, जो हमारे देश की संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह खेल हमें टीम वर्क, अनुशासन, और साहस के महत्व को सिखाता है। आज के इस प्रतियोगिता में, हमने विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को एक साथ लाया है, जो अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

■ स्पर्धा में पहुंची प्रदेश भर की 30 टीमें

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंत देशमुख, जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, नारायणन साहू, बसंत देशमुख, ताम्रध्वज देशमुख, जयप्रकाश भारदीय, पोषण ठाकुर सरपंच, गजेंद्र यादव उपसरपंच, ताम्रध्वज देशमुख,टोकेश्वर देशमुख, नारायण साहू, सुमेंद्र निषाद जल, गणेश ठाकुर शुभम देशमुख, लीलाधर भारदीय, देवा देशमुख सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अंडा।** बेलगावी कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस की सीडब्लूसी की बैठक में शामिल होने छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनकर दिल्ली लौट आए और डॉ. सिंह को उनके निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि डा. मनमोहन सिंह का आर्थिक सुधारो के लिए किए गए प्रयास देश में हमेशा याद किया जाएगा। सार्वजनिक जीवन में विभिन्न पदों पर रहने वाले डॉ. सिंह सादगी के मूर्ति थे। उनके निधन से पूरे देश को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जितेंद्र साहू ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।




## जीव अनंत काल से सुख के लिए भटक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संत पूज्य योगतिलक म सा के शिष्य स्वेत तिलकजी मसा एवं 6 अन्यसन्तों का महावीर भवन में प्रवास है। अपने प्रवास के मध्य उन्होंने उपस्थित समुदाय को प्रवचन के माध्यम से संबोधित किया।

संत स्वेत तिलकजी म सा ने कहा कि यह जीव अनंत काल से सुख के लिये भटक रहा है, लेकिन वह सुख से उतना ही दूर होता जाता है, क्योंकि जिस मार्ग में सुख खोज रहे हैं, वहां वो है ही नहीं, तो प्राप्त कैसे हो सकता है। भौतिक पदार्थों में सुख आंशिक होता है यह स्थायी नहीं होता। जैसे एक बच्चे को खिलौने में आनंद आता है, लेकिन बड़े होने पर वह उसके लिए व्यर्थ हो जाता है। पदार्थों में सुख एक भ्रांति है। यही सुख की भ्रांति हमें गलत दिशा में ले जाती है। जिन्हें सुख के साधन समझ इकट्ठा कर रहे हैं वो ही दुख के साधन हैं।



■ संत स्वेत तिलकजी के साथ 6 सन्तों का महावीर भवन में हुआ प्रवास

पदार्थ की गुलामी से मुक्ति में ही सुख है। भगवान ने हमें अपरिग्रह का मार्ग बताया। हमें पूण्य से ही वैभव मिलता है। अतः इसे पूण्य के कार्यों में ही लगाना चाहिए। पदार्थों को छोड़ना सुख का मार्ग है। कई कई जन्मों से पदार्थों के प्रति आसक्ति के कारण परिग्रह छूटता नहीं। ये अलग बात है कि हम न भी छोड़ें तब भी एक दिन सब छूट ही जाता है। अहंकार, मान, माया लोभ ये सब आत्मा के शत्रु है, इनसे बचें तथाव्यवहार में शुद्धता एवम पवित्रता को बनाये रखें।

## शिकसा ने सदाबहार नगमे का किया आयोजन

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी के तत्वावधान में क्रिसमस डे व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने कहा शिकसा भूले बिसरे गीतों के संर्वधन करने निरंतर कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। पुराने गीत हमारे दिल को छू लेता है, इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे रहे हैं। प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने कहा कि क्रिसमस डे एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन को खास बनाने के लिये यह कार्यक्रम का आयोजन संयोजक आस ने किया है।



## पिछड़ा वर्ग को संगठित करने युवा निभाये भागीदारी : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री गणपति नवयुवक क्लब खप्परवाड़ा के तत्वावधान में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विधायक ललित चंद्राकर मुख्य आतिथ्य थे। प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा- पिछड़ा वर्ग को संगठित रहना चाहिए और सभी जिलों में संगठन का विस्तार होना चाहिए और विशेषकर से युवाओं की भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आयोजक जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को बधाई दी जिसमें सभी समाज के प्रमुखों का सम्मान कर एक सूत्र में पिछड़ा वर्ग को पिरोने का काम किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संगठित करने का अव्वाहन किया साथ ही विधायक श्री चंद्राकर से दुर्ग ग्रामीण के कोई बड़े स्थान में पिछड़ा वर्ग का भव्य भवन बनवाने की मांग की। इस अवसर पर चंद्रेश देवांगन, नरेंद्र पटेल, दुर्ग जिला धोबी समाज के अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, सेवक चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, सेवक देवांगन, राम नारायण चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, ग्राम सरपंच श्रीमती रेवती देवदास, मंडी अध्यक्ष धनेश चंद्राकर, ललित चंद्राकर, सोमनाथ साहू, गोपाल वर्मा, साधुराम चौहान, पवन निर्मलकर, रोशन निर्मलकर आदि अनेक सामाजिक मुखिया शामिल होकर अपने विचार रखें और पिछड़ों में एकता स्थापित करने का संकल्प लिया। संगठन ने देश के अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

■ रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक



## जिपं सदस्य ने किया पंचायत भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू ने किया। इसमें पंड़ित ने मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया।

इस अवसर पर जनपद सभापति एस कुमार कलिहारी सरपंच भारती मरकाम, उप सरपंच किरण यादव, सचिव बेनू राम गुरवाणी, कल्याणपुरी गोस्वामी, समस्त पंचगण सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भीखू राम साहू, शिवलाल साहू, दुष्यंत कुमार साहू, राम सहाय साहू, रिखी राम साहू, विक्रम मंडावी ठाकुर, राम ठाकुर, ईश्वर लाल साहू, गिरधारी साहू, लीलाराम साहू, राम बगस, केशव राम सूपेत, रोजगार सहायक टिकेश्वर साहू, पंचायत भृत्य तरुण कुमार साहू सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य मीना साहू ने भूमि पूजन पश्चात कहा कि नवीन पंचायत भवन निर्माण हो जाने से लोगों लंबे समय से मांग जो पूरा हुआ जो की अत्यंत खुशी की बात है। सरपंच भारती मरकाम ने कहा कि पंचायत एवं ग्राम वासियों की ओर से लंबे समय से पंचायत भवन की मांग की जा रही थी, जो कि आज पूरा हुआ है क्योंकि वर्तमान स्थिति में पंचायत भवन जर्जर हो चुका है जिसके चलते अन्य भवन में पंचायत भवन चलाना पड़ रहा था, किंतु आज पंचायत भवन के भूमि पूजन हो जाने से पंचायत प्रतिनिधि एवं समस्त ग्राम वासियों मे हर्ष व्याप्त है।



आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## शहर के 70 तालाबों में मछली पालन के लिए होगा ठेका

**रायपुर।** नगर निगम, शहर के 70 तालाबों में मछली पालन कार्य के लिए मत्सय पालन समूहों को ठेका देगा। बाजार विभाग विभाग ने 10 साल की लीज पर इन तालाबों की सफाई, देखरेख के साथ मछली पालन कार्य के लिए 17 जनवरी तक आवेदन मंगाये हैं। इस कार्य के एवज में नगर निगम को 35 लाख रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, कटोरातालाब और कंकाली तालाब को इस ठेके से अलग रखा गया है, क्योंकि इन तालाबों में वाटर रिक्रियेशन का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से चल रहा है। शहरभर में नगर निगम के रिकार्ड के हिसाब से 226 तालाब हैं, इनमें से 70 तालाबों के रखरखाव और मछली पालन का ठेका अवधि पूरा होने के बाद आगामी 10 साल की लीज के लिए इन तालाबों को मत्सय पालन सहकारी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जायेगा। चयनित समिति लीज की अवधि में तालाब की सफाई कर मछली पालन का काम करेगी।

**पेज 9 का शेष**

### नपं में पिछड़ा वर्ग ...

, शेखर संतोषवार, अभिषेक शिवहरे, भावेश यादव, जगत यादव, परस साहू, शिवराम रणघाटी, लखन चक्रधारी, लक्ष्मण चक्रधारी, सुशील निषाद, माखन निषाद, दमन चक्रधारी, यादव राम चक्रधारी, गेंदलाल धनकर, संतोष धनकर, सतराम साहू सहित अनेक समाज के लोग सम्मिलित हुए।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल का हुआ भव्य स्वागत

**गुरूर।** ग्राम मोहारा के गंजीर भवन में भाजपा मंडल सनौद के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन का भव्य स्वागत किया गया और अपने-अपने बूथों को कैसे मजबूत कर सकते हैं, इस पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर महामंत्री भाजपा मंडल गुरुर भुवन लाल साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दीपधा हिरवानी, उपसरपंच दामोदर साहू, संयोजक शक्ति केंद्र मोहारा बोधराय हिरवानी, सहसंयोजक शक्ति केंद्र मोहार नीलकंठ साहू, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा केशव राम धनकर, बूथ अध्यक्ष मोहारा धर्मेंद्र कुमार तेल्यासी, बूथ अध्यक्ष मोहारा हेमलाल सिन्हा, महामंत्री परमेश्वर हिरवानी, महामंत्री पवन निषाद व भारतीय जनता पाटएँ के कार्यकर्ता बसंत निर्मलकर, तुलाराम साहू, सदा राम साहू, पुनारदराम साहू, पंच जोहनी साहू, पंच पुनिया निषाद एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन आज से

**अंडा।** नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी अछोटी के तत्वावधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक कामता प्रसाद शरण महाराज है। यह कार्यक्रम 28 और 29 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

## जिले में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 30 से

**बालोद।** जिले के विभिन्न विकासखण्डों में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई द्वारा 30 एवं 31 दिसंबर तथा 2 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन रखा गया है। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि इसके अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 30 दिसंबर, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डी में 31 दिसंबर तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में 2 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसमें सिक्यूरिटी गार्ड पुरुष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित है। सिक्यूरिटी गार्ड केवल पुरुष के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजूएट है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी पास निर्धारित है। उक्त पद हेतु आयु सीमा 20 से 40 वर्ष एवं कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

**कार्यक्रम**

राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर एवं सेवा कार्य कार्यक्रम

# सेवा कार्य में 98 स्काउट्स और गाइड्स ने लिया हिस्सा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्काउट गाइड संगठन के तत्वावधान में आयोजित राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर एवं सेवा कार्य कार्यक्रम विकासखंड मुख्यालय पीएमश्री शासकीय प्राथमिक एवं कन्या माध्य शाला डौंडीलोहारा में संपन्न हुआ। शिविर में 98 स्काउट्स और गाइड्स ने भाग लिया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आवश्यक जांच प्रक्रियाओं को पूरा करना और स्काउट गाइड्स को सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित करना था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, नेतृत्व कौशल और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। स्काउट गाइड्स के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सेवा भाव का विकास होता है। इस शिविर के माध्यम से सभी प्रतिभागी न केवल पुरस्कार के लिए पात्र होंगे, बल्कि समाज सेवा के प्रति समर्पित भी रहेंगे। शिविर में स्काउटिंग स्किल्स गांठें और बंधन, विभिन्न प्रकार की



गांठें, बंधन, और उनका उपयोग, टेंट लगाना, शिविर स्थलों पर टेंट लगाने और उसे व्यवस्थित रखने की प्रक्रिया, प्राथमिक चिकित्सा, चोट, कट, जलने, या फ्रैक्चर जैसी स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा देना, घायलों की देखभाल के तरीके, आपदा प्रबंधन, आग, बाढ़, भूकंप, और अन्य आपदाओं के समय बचाव कार्य, सुरक्षा उपायों और बचाव उपकरणों का उपयोग, नेतृत्व और टीम वर्क, समूह में कार्य करना और नेतृत्व करना, निर्णय लेने की क्षमता और संकट प्रबंधन, सामाजिक सेवा कार्य, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, और रक्तदान जैसे सेवा कार्य, स्थानीय समुदाय की मदद और सामाजिक जागरूकता अभियान, ध्वज शिष्टाचार, राष्ट्रीय और स्काउट गाइड ध्वज का सम्मान और सही उपयोग, ध्वज आरोहण और ध्वज उतारने की प्रक्रिया, नैतिक शिक्षा और अनुशासन, स्काउट गाइड कानून और प्रतिज्ञा का पालन, नैतिक मूल्यों और अनुशासन का महत्व, शारीरिक फिटनेस और खेलकूद, शारीरिक फिटनेस बढ़ाने के लिए अभ्यास और खेल, साहसिक गतिविधियाँ जैसे ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, और रस्सी पर चलना, पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता, कचरा प्रबंधन और जल संरक्षण, शिविर व्यवस्था और जीवन कौशल, शिविर स्थल पर भोजन बनाना, पानी की व्यवस्था और साफ-सफाई, आत्मनिर्भरता और समस्या-समाधान कौशल सिखाया गया।

यह प्रशिक्षण बच्चों को आत्मनिर्भर, साहसी और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करता है। राज्यपाल पुरस्कार के लिए आवश्यक सभी मानकों को पूरा करने में भी यह शिविर सहायक होता है। शिविर संचालक भुवन सिन्हा, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर, छगन बंछोर, अजय ठाकुर, मकसूदन यादव, चंद्रशेखर दिल्लीवार, किरण ठाकुर, दीपा, मधुमाला कौशल, भागवत साहू, गायत्री परिवार डौण्डीलोहारा का विशेष सहयोग रहा।



## लोकार्पण व गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुईं विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक संगिता सिन्हा विभिन्न गांवों में लोकार्पण कार्यक्रम एवं गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुईं, जिसमें ग्राम पंचायत पेंडरवानी में शिव मंदिर के पास शेड निर्माण 10 लाख रुपए, आबादी पारा में कलामंच निर्माण 5 लाख रुपए, हनुमान मंदिर के पास ओपन जिम निर्माण 5 लाख रुपए का लोकार्पण किया गया।

इसी तरह ग्राम पंचायत पेरपार में समरस्ता भवन निर्माण 25 लाख रुपए का लोकार्पण किया गया। इसके बाद विधायक ग्राम कंवर में गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर शादिक अली, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग जिला बालोद दीना राम चेलक व विधायक प्रतिनिधि शासकीय हाई स्कूल पेंडरवानी गिरधारी देवांगन, पूर्व सरपंच मनीष देवांगन, युवा कांग्रेस सत्यवान साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पेंडरवानी संजूलता राजपुत, सरपंच ग्राम पेरपार सरस्वती चंद्राकर, सभापति जनपद पंचायत गुरुर योगेश्वर पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिब्या पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत कंवर संजय बारले, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज पवन जोशी, संत राम बंजारे, निर्मला बंजारे, सहित पंच, कार्यकर्ता, समाज के सभी लोग शामिल हुए।

## सामाजिक समरसता यात्रा का आगमन नगर में कल

**गुरूर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हिंदू समाज को संगठित करने संतगण द्वारा सामाजिक समरसता यात्रा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए देऊर मंदिर गुरुर में 29 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे पहुंचेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जात-पात, छुआछूत, उच्च नीच की भावना को दूर करना है। सर्व हिंदू समाज एकता द्वारा एकता का संदेश उपस्थित संतों द्वारा राम जानकी मंदिर गायत्री मंदिर गुरुर में उद्बोधन के रूप में दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी राज्यों में समरस समाज की स्थापना हो, सभी समाज में समानता का भाव हो, सभी एकता के साथ मिलकर भेदभाव से मुक्त होकर समाज में सभी सुखी व साथ रहे। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद गुरुर के पदाधिकारी कार्यकर्ता व सभी साथी यात्रा कार्य में लगे हुए हैं।

# अच्छा काम करने में देरी न करें इंसान

## श्रीराम कथा में कथावाचक ने दी रामराज्य अभिषेक की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नगर के बाजार चौक कला मंच में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के 7वें दिन वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य शिवानंद महाराज ने शुक्रवार को समुद्र सेतु निर्माण, रामेश्वर शिव लिंग स्थापना, लक्ष्मण शक्ति, राम रावण युद्ध, विभीषण, राजतिलक, राम राज्य अभिषेक पर व्याख्यान दिया।

### आचरण व्यवहार अच्छा रखे

आचार्य शिवानंद महाराज ने कहा कि जगत में कोई परमानेंट नहीं है, जीवन आदर सम्मान के साथ जीना चाहिए। आप सादर सम्मान चाहते हैं तो दूसरों का आदर सम्मान करना सीखिए। अहंकार से दूर रहे, अपने घर की बाते दूसरों से शेयर करने से परहेज करें। खाली हाथ आए खाली हाथ जाना है अपना आचरण व्यवहार अच्छा रखे।

### अच्छा काम का अच्छा नतीजा

आचार्य श्री ने कहा अच्छा काम करने का विचार आए तो अविलंब कर लेना चाहिए और बुरे काम मन में आ जाए तो उसे टालते टालते टाल देना चाहिए। क्योंकि अच्छा काम का अच्छा नजीता आता है और बुरा काम का नतीजा बुरा आता है। उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने का मतलब जीवन में राम की मर्यादा को जीवन में समाहित करना होता है।

### रिश्तों में आदर्श स्वरूप अपनाए

रामकथा मर्मज्ञ आचार्य शिवानंद महाराज ने कहा कि राम-लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न जैसा भाई सीता जैसी भाभी हनुमान जैसा भक्त बनकर देखे, जीवन स्वमेव संवरने लग जाएगा। रिश्तों में आदर्श स्वरूप को अपनाए। रामकथा मर्यादा त्याग भक्ति समर्पण के साथ जीवन जीने की कला सिखाती है। राम-लक्ष्मण की झांकी भक्तों को लुभाती रही।

### शनिवार को हवन

आचार्य शिवानंद ने कहा कि शनिवार साढ़े 8 बजे सुबह आ जाए, 9 से 11 बजे यज्ञ करेंगे, इसके बाद अन्य समापन कार्यक्रम संचालित होंगे। मीरा चंद्राकर, नंदनी साहू, शैलेंद्री मंडवी, पूजा गोस्वामी, भनमती पिंकी शुक्ला, उमा चंद्राकर, मेनका निर्मलकर सुरुचि मधु शाहने, लक्ष्मी वर्मा, मालती साहू, प्रमिला, धनेस्वरी, त्रिवेणी साहू, योगेस्वरी साहू, तमेश्वरी साहू खेदिन साहू, फेकन साहू, लोमीन साहू, कुमकुम साहू, टेमंन साहू, ज्ञान साहू, ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला, मनीष जैन, अंगेश्वर साहू, नरेश केला, रूपेश साहू, पुनीत पटेल, ईश्वरी साहू, कामता प्रसाद साहू, रामकृष्ण साहू, रंभा सागरवंशी, कीर्ति साहू, खिलेश्वरी साहू, पीलेश्वरी साहू, उर्मिला साहू, तामेश्वरी साहू, उमेश्वरी यादव सहित धर्म प्रेमियों ने आयोजन प्रांगण में राम रसपान किए।

## चिलम गोटा में मना शक्ति दिवस

**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम चिलमगोटा में गुरुवार को शक्ति दिवस पर समस्त ग्रामवासी एवं अखिल भारतीय हल्वा हलबी आदिवासी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकम में उपस्थित केजुरम ईस्दा, समाज ग्राम प्रमुख बोहरान भंडारी, तोरण लाल किरसान सर्किल अध्यक्ष रेंगाडबरी, खेलूराम ईस्दा, भोजराम भुआर्य, हरिराम भंडारी, मेघलाल यादव, उत्तरा मंडावी एवं समस्त सामाजिकगणों की उपस्थिति में शक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा 10वीं, 12वीं में उत्कृट अंक लेकर अपने स्कूल में 60% से ऊपर प्राप्त किये छात्र, छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। केजूराम ईस्दा ने कहा हमें गर्व है कि हमारे समाज के बच्चे अच्छे से शिक्षा ग्रहण कर अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के समापन के पूर्व माटी के महतारी मानस परिवार ग्राम आरी कोनारी के कार्यक्रम की प्रस्तुति गई।



## जिपं सदस्य ने किया किचन शेड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने ग्राम मोखा में साहू समाज के कीचन शेड, जनपद सदस्य दीपक साहू ने टीना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, साहू समाज के पदाधिकारियों व ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि गांव को अग्रणी करने के लिए वह हमेशा आगे रहे हैं और सकारात्मक कार्य किए जाने को लेकर उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव ने हमेशा मुझे आशीर्वाद व सहयोग प्रदान किया है तथा हमेशा ही विभिन्न सकारात्मक कार्य कर गांव की एक अलग पहचान बनी है। ग्राम मोखा की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी जो सहयोग होगा वह सबके सामूहिक सहयोग से करते रहेंगे। इस दौरान मिलन साहू, लोकनाथ, रिखिराम साहू, लीला




मंडावी, घनश्याम साहू, मोहित साहू, हीराधर साहू, ईश्वर साहू, रेखराम साहू, केजूराम कोटवार, गौकरण साहू, पृथ्वीराम साहू, निरंजन साहू, आनंद राम साहू, ममता साहू, खेमिन साहू, कुलेश्वरी साहू, मनहरण साहू, लिखन साहू, विजय साहू उपस्थित थे।

# शक्ति दिवस पर प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज डौंडीलोहारा के तत्वावधान में सामाजिक एकता एवं भाईचारे का प्रतीक शक्ति दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में मां दंतेश्वरी, आगांदेव व भव्य कलश शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण किया गया, नगर के हल्बा सामाजिक भवन पर सामाजिक ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह का आयोजन सामाजिक भवन बटेरा (डौंडीलोहारा) में सम्पन्न हुआ।

समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह में सामाजिक पत्रिका का विमोचन, प्रतिभा सम्मान एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान शाल श्रीफल से किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर थे। उन्होंने सभा में शिक्षा पर बल दिया, और समाज के लोगों



को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ब्लाक अध्यक्ष ईनम ठाकुर ने कहा की महासभा द्वारा पारित किये गये नियम का पालन करना सभी को आवश्यक है। समाज के नियमानुसार ही सभी कार्यक्रम सम्पन कराया जाए। कार्यक्रम को ब्लाक सचिव चैतन्य नायक, केंद्रीय उपाध्यक्ष बसंता ठाकुर, कर्मचारी प्रकोष्ठ शाखा अध्यक्ष ललित भुआर्य, प्रचार मंत्री दयालूराम पिकेश्वर, सर्किल अध्यक्ष दयालूराम कोसमा एवं अन्य वक्ताओं द्वारा सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों, प्रधानपाठक सेवाराम चंदेल, लीलूराम ढाले और बीरसिंग खुरश्याम एवं वरिष्ठ नागरिकों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय नायक, कार्तिक रात्रे एवं आभार प्रदर्शन शिशुपाल देहारी द्वारा किया गया। इस समस्त कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डी आर पिकेश्वर, ग्राम प्रमुख शिशुपाल देहारी, सुरेन्द्र देहारी, पार्षद रहिमत कोसमा, दशोदा भुआर्य, मधु देहारी आश्वातीन बाई, विदेशी राम, पवन कोलियारे, सनद भुआर्य, उदय कोमा, सत्यम कोसमा अमृत खरे एवं समाज के महिला पुरुषों का योगदान रहा।

### चीचा अर्जुन्दा में कामता प्रसाद के हास्य प्रहसंग ने बांधा समां

# भगवान राम के जीवन चरित्र को आत्मसात करें सभी लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

वृन्दावन चीचा अर्जुन्दा में बाजार चौक के पास हरिनाम संकीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक कामता प्रसाद शरण ने छत्तीसगढ़ी भाषा में भगवान श्रीराम के जीवन चरित को प्रस्तुत किया, तो चारों तरफ जय जय श्रीराम के जयकारे गुंजने लगे। कामता प्रसाद लगातार चार घंटे तक भगवान श्रीराम के साथ साथ शिव-पार्वती विवाह व अनेक कथा को सरल ढंग से प्रस्तुत किए।

कामता प्रसाद शरण ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पवित्र धरती माता कौशिल्या का जन्मस्थल है और भगवान श्रीराम का ननिहाल है,



इसलिए छत्तीसगढ़ में भांचा को बहुत सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन चरित को आत्मसात करने की जरूरत है। आज छत्तीसगढ़ में रामगमन वनपथ का विकास किया जा रहा है, जो अच्छा पहल है, साथ ही उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम वनवास के समय 12 वर्ष छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया है और उनके आशिर्वाद से आज छत्तीसगढ राज्य ही एक ऐसा प्रदेश है जिसे छत्तीसगढ़ महतारी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि 22 वर्षों से लगातार वे छत्तीसगढ़ सहित ओडिसा, महाराष्ट्र व देश के विभिन्न राज्यों में पहुंचकर भगवान श्रीराम की कथा करने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा माता पार्वती के आगमन के बाद इस पहाड़ी से पैरी नदी का उदगम हुआ है, जिससे प्रदेश में चारों तरफ खुशहाली देखने को मिल रही है। अन्य क्षेत्रों में भले सुखा पड़ जाए, लेकिन मां पैरी का आशीर्वाद से इस क्षेत्र में कभी अकाल नहीं पड़ता, उन्होंने सभी लोगों से कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन से गांव के साथ साथ प्रदेश में सुख शांति समृध्दि खुशहाली बनी रहती है। कथा सुबह 10 से 12.30 बजे और दोपहर 3 से 5.30 बजे तक प्रस्तुत की जा रही है।

